21 वाँ जबलपुर पशुचिकित्सा महाविद्यालय एल्यूमनाई एवं 72 वाँ महाविद्यालय स्थापना दिवस का सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आयोजन

जबलपुर। कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 8 जुलाई 2020 दिन बुधवार को नानाजी देशमुख विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत 72 वाँ पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय का स्थापना दिवस एवं 21 वॉ जबलपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय एल्यूमनाई जिसमें भूतपूर्व एवं अध्ययनरत छात्रों का सादगीपूर्ण कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग के साथ प्रातः 10:00 बजे से महाविद्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के मार्गदर्शन एवं अभिप्रेरणा से आयोजित हुआ। जिसमें

महाविद्यालय में आये मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों माननीय इंजी. प्रभात दुबे, वि.वि. प्रबंधन मंडल सदस्य, डॉ. ए.पी. गौतम, संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, डॉ. विनोद कुमार बाजपेयी, कुलसचिव एवं डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय द्वारा नंदी प्रतिमा की पूजन अर्चन के बाद माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये गये। इसी श्रृखंला में माननीय कुलपति जी एवं अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके उपरांत आंसदी ग्रहण करने के पश्चात् कार्यक्रम में आये अतिथियों

का स्वागत डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, द्वारा किया गया। इसके पश्चात् जबलपुर विटरनरी कॉलेज एल्यूमनाई एसोशिएसन के अध्यक्ष डॉ. एम.सी. अग्रवाल द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की श्रंखला में डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय द्वारा उद्बोधन उपरांत एल्यूमनाई के कोषाध्यक्ष डॉ. अंजू नायक, द्वारा वार्षिक वित्तीय लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया एवं अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा गत वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही कार्यक्रम की श्रृखंला में महाविद्यालय के मेधावी व प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को 19 स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र जिनमें स्नातक स्तर पर कु. महिमा शिवहरे (02), कु. सुकांक्षी यादव (02), कु. अंचल सिंह (04), कु. शिवानी उपाध्याय (01), कु. आयुषी चौरसिया (01), आनंद कुमार जैन (03), लवेश गुप्ता (01) एवं कु. तेजश्वरी सतपुते (02) तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कु. सलीमा अहमदी कादरी (01), कु. शिवानी उदेनिया (01) एवं बेन्डीगिरी सिद्धांत अरूण (01) को ई–मेल द्वारा भेजे गये। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, डॉ. एस. पी. तिवारी जी द्वारा मेधावी व प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्राप्त विजेताओं को बहुत–बहुत बधाई ज्ञापित की साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुये अपेक्षा करते हुये भारत रत्न एवं राष्ट्रीय ऋषि नानाजी देशमुख के आदर्शो का अनुशरण करते हुये, हमारे वि. वि. के चहुमुखी विकास में एवं जहाँ भी जिस क्षेत्र में रहें वहाँ अपनी सेवायें देते हुये अपना उत्कृष्ट योगदान देवेगें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र–छात्राओं, सेवानिवृत्त प्राध्यापकों, प्राध्यापकों/वैज्ञानिकों, इलेक्ट्रानिक प्रेस एवं मीडिया की उपस्थिति सराहनीय रही। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, सचिव, जबलपुर विटरनरी कॉलेज, एल्यूमनाई एसोशिएसन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)